हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 मई 2025

04 नौलखी स्थित नपा के वाटर वर्क्स पर लगेंगे चार...



07 ग्रुप बी के लीग मुकाबले समाप्त हुए ग्रुप ए में ...





## खबर संक्षेप

### योजनाः 2303 को दिया प्रशिक्षण, 666 को ऋण

**विदिशा।** पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है। इस योजना में लोहार, सोनार , कुम्हार, नाई, मालाकार, मोची, मूर्तिकार, धोबी, ताला बनाने वाले, हथोड़ा और टूल किट बनाने वाले, डलिया, चटाई, झाडू बनाने वाले आदि 18 विधा के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिल रही है। जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत अब तक 2303 नागरिकों को प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त हुई है। जिसमें से 666 को पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ऋण प्राप्त हुआ है। जिला क्रियान्वयन समिति द्वारा 33 आवेदन नेशनल स्टीयरिंग कमेटी को भेजे गए हैं।

### आरोपी की सूचना देने पर एसपी देंगे इनाम

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज में एक एवं थाना गंजबासौदा देहात में दर्ज दो प्रकरणों के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालों को नकद इनाम देने की घोषणा की है।

सिरोंज थाने के फरार आरोपी आरोपियों सुनील पुत्र तुलाराम जोशी निवासी सिवनी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 6 ललितपुर उत्तरप्रदेश और रामसहाय पुत्र घमंडी लाल जोशी निवासी पंजाब मोहल्ला बसई जिला दतिया की सूचना देने वालो के लिए ढाई-ढाई हजार का इनाम और गंजबासौदा देहात में दर्ज दो प्रकरणों में फरार आरोपी विनोद पुत्र फूलचंद जैन निवासी चार खंभा वाली गली वार्ड 7 बरेठ रोड बासौदा की सूचना देने वालों के लिए पांच हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। वहीं फरार आरोपी सचिन पारदी निवासी ग्राम खजूरिया चक्क थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर की सूचनादेने पर 3 हजार का इनाम रखा गया है।

### जेल का निरीक्षण कर शिविर का आयोजन

**विदिशा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नीतेंद्रसिंह तोमर, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड शिवांगी श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट साकेत जैन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरजीतसिंह सिकरवार, अनिमेष तिवारी, विनोद कुशवाह द्वारा गुरूवार को जिला जेल में मासिक निरीक्षण एवं शिविर का आयोजन किया गया। सचिव नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा जिला जेल के बंदियों से चर्चा कर उनकी परेशानियां सुनीं और उनका निपटारा किया गया।

### 72 घंटे में नाबालिग को खोजकर मां को सौंपा

**विदिशा।** थाना कुरवाई में दर्ज एक प्रकरण में कुरवाई पुलिस ने नाबालिग को खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। 5 मई को एक महिला ने थाने में अपनी 16 वर्षीय बेटी के बिना बताए घर से चले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा ने एक टीम गठित की। गई। 72 घंटों में ही टीम ने बालिका को खोज निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### वित्तीय सहायता में दिक्कतों का समाधान

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निदेश पर विकासखंड मुख्यालयों पर बीएलबीसी बैठकें हुईं। बैठक में योजनाओं में वित्तीय सहायता में होने वाली दिक्कतों का समाधान मौके पर किया जाता है। लटेरी में आयोजित बैठक में जनपद अध्यक्ष एवं एसडीएम के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। लीड बैंक आफीसर भगवान सिंह बघेल ने बताया है कि सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के अधिकाधिक पंजीयन हेतु महिला बाल विकास के बासौदा के अधिकारी को कैम्प शेड्यूल बनाने एवं बैंकों से कियोस्क ऑपरेटर को कैम्प मे जोड़ने निर्देशित किया।

## रेडक्रास सोसाइटी जिला शाखा की वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित

# दान या नेक कार्य करना ही वास्तविक दौलत है इसका लेखा-जोखा ईश्वर रखता हैः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, जो आप दान करेंगे या नेक कार्य में व्यय करेंगे वही आपकी वास्तविक दौलत है। ऐसे कामों का लेखा-जोखा ईश्वर के पास होता है। यह बात गुरुवार को कलेक्टर एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अंशुल गुप्ता ने सोसाइटी की वार्षिक बैठक में कही।

कलेक्टर ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी को अपनी गतिविधियों का दायरा बढ़ाना चाहिए। सदस्यों को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। प्रत्येक चिकित्सक को अपने जन्मदिन या परिवारजन की पुण्यतिथि पर ओपीडी निशुल्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कुपोषण, नशा मुक्ति, फूड बैंक, बुक बैंक, उपयोगी कपड़े जरूरतमंद को प्रदान करना, नेत्रों की जांच, ऑपरेशन, रक्तदान, वृद्धो की सेवा आदि क्षेत्रों में कार्य होना चाहिए। सोसाइटी अध्यक्ष डॉक्टर सचिन गर्ग ने कहा कि समिति के रेडक्रॉस भवन परिसर पुराने ब्लड बैंक में फिजियोथेरेपी पार्क का निर्माण करेगी। डीप फ्रीजर की सुविधा नागरिकों को उपलब्ध कराएंगे। आज से प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक सप्ताह में एक दिन डॉक्टर कुशाग्र दीक्षित, डॉक्टर, चर्चित बंसल, डॉ हंसा शाह, डॉक्टर रूपिका गर्ग, डॉक्टर सचिन गर्ग, डॉ महेंद्र रघुवंशी, डॉक्टर राजेश बंसल, डॉक्टर दक्षा पीतलिया, डॉक्टर अशोक राजपूत, डॉक्टर हेमंत यादव द्वारा पॉलीक्लिनिक में अपनी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। समिति द्वारा मात्र 20 रुपए में फिजियोथैरेपी, पॉलीक्लिनिक एवं एक एंबुलेंस तथा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन किया जाता है।

### गतवर्ष के पदाधिकारी और सदस्यों को यथावत रखा जाएगा



विदिशा। बैठक में शामिल होने पहुंचे नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता का सोसायटी के पदाधिकारियों ने किया सम्मान।

### राज्यपाल ने दिए थे 18 लाख रुपए

समिति सचिव अतुल शाह ने पिछले वर्ष की गतिविधियों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा निरंतर गतिविधियां की जाने के कारण प्रदेश की वार्षिक सभा में राज्यपाल द्वारा विदिशा इकाई को सम्मानित किया। विदिशा में एंबुलेंस के लिए 18 लाख रुपए दिए। कोषाध्यक्ष मनमोहन बंसल व आर कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इस वर्ष वार्षिक आय 9 लाख 93 हजार 789 एवं 11 लाख 1 हजार 943 रुपए व्यय किया है।

### रोटरी क्लब ने भी रेफ्रिजरेटर दिया

अगले वर्ष के लिए विकास जैन को अंकेक्षक मनोनीत किया गया। नेहा मिश्रा ने पांच हजार का आर्थिक सहायता दी। मधुकर पंडित इंदौर ने दो पंखे, एसबी.शेबड़े ने एक परीक्षण टेबल व रोटरी क्लब द्वारा एक रेफ्रिजरेटर प्रदान किया गया।

# 48 घंटे में बारिश की संभावना दस डिग्री गिर चुका तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मई की गर्मी के बीच मौसम में अचानक बदलाव आया है। आसमान में बादल छाए हुए हैं और कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो रही है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मई के शुरुआती तीन दिनों में उच्च तापमान दर्ज किया गया। 5 मई को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। 7 मई को न्यूनतम तापमान में और गिरावट आई। यह 17.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम विज्ञानी एसएस तोमर के अनुसार यह बदलाव उत्तर-पश्चिम से आ रही हवाओं के कारण हुआ है। उन्होंने बताया कि 2023 और 2010 में भी मई में ऐसी ही स्थिति देखी गई थी। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों तक मौसम के ऐसे ही रहने की संभावना जताई है। कई क्षेत्रों में बारिश का पूर्वानुमान भी है। पहले जहां लोगों को कूलर और एसी का सहारा लेना पड़ रहा था, वहीं अब मौसम के बदलाव से प्राकृतिक रूप से राहत मिल रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

### अगले 15 दिन का हिसाब- किताब

शुक्रवार से रविवार तक हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार 12 और मंगलवार 13 मई को तेज धूप रहेगा। 14 मई को आपमान 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। वहीं आंधी भी चल सकती है। 15 और 16 मई को तीखी धूप, 17,18,19 मई को बादल छाए रहेंगे। तापमान 45 डिग्री पर रहेगा। 20 और 21 मई को आसमान में बादल छाए रहेंगे।

## चोरी गया मैसी ट्रैक्टर पुलिस ने बरामद किया, आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** 4 मई को चोरी हुए ट्रैक्टर को कुरवाई पुलिस ने खोज निकाला। पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। कमल नारायण कुर्मी निवासी बरेठा ने कुरवाई थाने में ट्रैक्टर चोरी होने के शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर को खोजने के प्रयास शुरू किए। सघन तलाशी और तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# थैलिसीमिया दिवस पर 31 यूनिट खून देकर लिया पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प

### अखिल भारतीय तारण तरण दिगंबर जैन युवा परिषद आव्हान पर हुआ रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विश्व थैलिसीमिया दिवस पर अखिल भारतीय तारण तरण दिगंबर जैन युवा परिषद राष्ट्रीय इकाई के आव्हान पर गुरुवार को युवा परिषद आदर्श इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

युवा परिषद आदर्श इकाई विदिशा के महामंत्री समकित जैन ने बताया की शिविर में 31 यूनिट रक्तदान किया गया। डॉक्टर विनय, संजीव जैन गुरुवर, संदेश जैन, संदीप प्रतिष्ठा,डॉ विकास जैन, सुधीर जैन, संजीव जैन, संदीप जैन, नमन जैन, अनमोल जैन, अर्पित जैन, सक्षम जैन, आयुष जैन, श्रीमती स्वाति, अलका, श्रुति जैन उपस्थित रहीं।



## 3 साल से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर जिले में फरार एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को कोतवाली टीआई आनंद राज व टीम द्वारा 2018 के एक प्रकरण में न्यायालय से फरार स्थायी वारंटी पंकज सिंह जाट पिता दिलीप सिंह जाट निवासी आरएमपी नगर टीलाखेड़ी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी बीते 3 वर्षों से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था जिस पर स्थायी वारंट जारी किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे भेज दिया गया है।

## गांधी प्रतिमा पहुंचकर हुआ समापन

# तिरंगा यात्रा निकालकर कांग्रेस ने सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भारतीय सेना के सम्मान में गुरुवार को कांग्रेसियों ने तिरंगा रैली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दगी, बल्कि सेना के प्रति सम्मान और समर्थन भी व्यक्त करती है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रणधीर सिंह ठाकुर, लक्ष्मण सिंह, सुभाष बोहत, नंदकिशोर शर्मा, बाबूलाल वर्मा, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, रवि साहू, विनीत दांगी, आशीष माहेश्वरी, प्रियंका किरार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विदिशा। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वैशाली नगर सहित कई इलाकों में आज चार घंटे गुल रहेगी बिजली

**विदिशा।** वैशाली नगर फीडर पर प्री मानसून मेंटनेंस किया जाना है। जिसके चलते आज शुक्रवार को 11केवी फीडर से बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 9.30 बजे से 1.30 तक चार घंटे तक बिजली बंद रहेगी। जिसके कारण वैशाली नगर, रुद्राक्ष ग्रीन सिटी, बरईपुरा चौराह, मां हॉस्पिटल, मुन्ना कबाड़ी वाली गली, कब्रिस्तान रोड, मंडी रोड श्रीनाथ दालमिल आदि क्षेत्र में बिजली सप्लाई प्रभावित होगी। शहर में कई स्थानों पर बिजली की केवल और तार पेड़ों की झाड़ियों से टकरा रहे हैं। जिसके कारण भी फाल्ट की स्थिति बनती है। वहीं बारिश के दौरान पेड़ गिरने से लाइनें टूट जाती हैं।

# खबर का असरः दो साल से बंद पड़े चेकिंग नाके को डीएफओ हेमंत यादव ने फिर से शुरू कराया

### अब दो शिफ्ट में चार जवान रहेंगे तैनात, हर आने- जाने वाले वाहन की होगी जांच



जटपुरा वैरियर वन चेकिंग नाका 2 साल से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

शमशाबाद वन परिक्षेत्र में लटेरी मार्ग पर जटपुरा वैरियर वन चेकिंग नाका दो साल से बंद होने की खबर 30 अप्रैल के अंक में हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर पर संज्ञान लेते हुए जिला वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव ने नाका चालू कराने के निर्देश वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश को दिए और वन विभाग के चेकिंग वैरियर को शुरू करवा दिया है। वैरियर पर दो चौकीदार दिन में और 2 चौकीदार डयूटी कर रहे हैं। एक वन रक्षक भी तैनात किया गया है। वहीं एक सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। डीएफओ हेमंत यादव द्वारा लगवाया दिया गया है।



**शमशाबाद।** हर आने जाने वाले वाहन की जांच कर रहे तैनात चौकीदार।

# जूनियर क्रिकेट लीग में बल्ला चमका रहे क्रिकेट के खिलाड़ी

**विदिशा।** कनारा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित जूनियर क्रिकेट लीग में बेतवा कप जूनियर के लिए खेल का आयोजन किया जा रहा है। कनारा क्रिकेट मैदान गुरुवार को जूनियर का दूसरा लीग मुकाबला विराट चैलेंजर और धोनी सुपर किंग्स के मध्य खेला गया। जिसमें धोनी सुपर किंग्स ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मैच का स्कोर कार्ड इस प्रकार रहा। विराट चैलेंजर्स यश रघुवंशी 37 बॉल पर 12 चौके के साथ 67 रन बनाये। नीरव ने 29 बॉल पर 25 रन बनाये। मुदित भगोरिया ने 31 रन लेते हुए 14 बॉल पर 4 चौके 1 छक्का हासिल किया। ओम चोकसे 7 रन लेते हुए 5 बाल खेली। मुस्कान अहिरवार ने 3 बाल पर मात्र 1 रन बनाया। धोनी सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए लक्ष्य राजपूत ने 37 बाल पर 31 रन बनाए। आराध्या जैन ने 13 बाल पर 6 रन और भूमि मीना ने 3 बाल पर 4 रन बनाए। इनके अलावा अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर नीरव मेहर को स्पेशल गिफ्ट दिया गया। पुरस्कार वितरण के अवसर पर क्लब कोषाध्यक्ष गुंजन सक्सेना, क्लब सदस्य शरद शर्मा, अनुराग गोयल क्लब कोच समर्थ तिवारी, नवल चौरसिया, दीपक रघुवंशी, मोहित रघुवंशी, निलेश रघुवंशी, प्रमोद बैरागी और दोनों टीमों के कोच मौजूद रहे।




## चना, मसूर, सरसों खरीदी व भुगतान में अव्वल विदिशा अव्वल

**विदिशा।** मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक आईएएस आलोक कुमार सिंह ने उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति सांकलखेड़ा गिरधर वेयरहाउस एवं देवखजूरी गिरिराज वेयरहाउस का निरीक्षण किया है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा एवं किसानों के भुगतान की समीक्षा की है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु विदिशा जिले में चना, मसूर एवं सरसों के 72 उपार्जन केन्द्र संचालित किये गये है। इन उपार्जन केन्द्रों में कुल 19893 किसानों से 49336 मैट्रिक. टन की खरीदी की गई है। जिसमें 2640 किसानों से चना 7670 मैटिक टन मसूर 16699 किसानों से 40168 मैटिक.टन एवं 554 किसानों से सरसों 1498 मैट्रिक टन खरीदी की गई। जिला विपणन अधिकारी कल्याण सिंह ने बताया कि समर्थन मूल्य पूरे प्रदेश में दलहनी फसलों की खरीदी में जिला प्रथम स्थान पर है।

## अपराधियों से लोहा लेती पुलिस मानवीय संवेदनाएं भी दिखा रहीं

# 10 साल से लापता मूकबधिर बेटे को पुलिस ने लखनऊ में खोजा, मां को देखते ही दौड़कर लिपट गया बेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

10 साल से लापता बेटे को देखने के लिए तरस रहीं एक मां की आंखे उस समय छलक उठीं जब सिविल लाइन पुलिस ने मां को उसके बेटे के सामने लेजाकर खड़ा कर दिया। बेटा अपनी मां को देखते ही पहचान गया और दौड़कर उससे जाकर लिपट गई।

मानवता की एक मिसाल पेश की है सिविल लाइन पुलिस ने वर्ष 2015 में एक मूक-बधिर बालक लापता हो गया था। 17 सितंबर 2015 को सिविल लाइन थाने में मंडी बमौरा निवासी ललिता सेन ने अपने मूक-बधिर बेटे सोनू सेन के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोनू उस समय नाबालिग था और बोलने-सुनने में असमर्थ था।




**विदिशा।** लखनऊ से बेटे को लाकर पुलिस ने अपनी मां से मिलवाया।

### मां की आंखें भर आईं, मुस्कुराए पुलिस जवान

सालों तक पुलिस उसे खोजने का प्रयास करती रही। अचानक पुलिस को जानकारी लगी की एक मूक-बधिर युवक लखनऊ की एक मूक बाधिर संस्था में है। थाना प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार राय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। युवक की पहचान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। रिपोर्ट के आधार पर ललिता सेन से संपर्क किया गया। लखनऊ पहुंचकर विधिवत कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद सोनू को उसकी मां के सुपुर्द किया गया। सोनू की पहचान की पुष्टि के लिए जब उसकी मां को बुलाया गया, तो वर्षों बाद बेटे को देखकर वह भावुक हो उठीं। इशारों से बातचीत करने वाले सोनू ने मां को तुरंत पहचान लिया और दौड़कर उनसे लिपट गया। मां-बेटे के मिलन का दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर गया। इस प्रक्रिया में सिविल लाइन थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय, उपनिरीक्षक रोहित कौरव, सहायक उपनिरीक्षक राधेलाल बरकड़े, प्रधान आरक्षक राजकुमार मौर्य, महिपाल, तथा आरक्षक अरविंद शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सेवानिवृत्त हुए 27 कर्मचारियों का कलेक्टर ने किया सम्मान



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मार्च माह में सेवानिवृत्त हुए 27 कर्मचारियों का शाल श्रीफल व माला पहनाकर सम्मान किया। कलेक्टर ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय नौकरी की प्रक्रिया का हिस्सा है। आप सबके द्वारा जिले के विकास में शासकीय कार्यों के माध्यम से दिए गए प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोग से विभाग व जिले की ख्याति में वृद्धि हुई है। कलेक्टर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से व्यक्तिगत संवाद करते हुए उनके परिवारिकजनों की जानकारी ली। खासकर बच्चे क्या कर रहे हैं और सेवानिवृत्ति के बाद निवास स्थल कहां बनाया गया है उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर सम्पर्क करने की बात कहीं है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2645
उच्चतम भाव- 4140
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2350
उच्चतम भाव- 2955
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2360
उच्चतम भाव- 2520
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5785
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3635
उच्चतम भाव-3751
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-3170
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6460
सरसों
न्यूनतम भाव-3765
उच्चतम भाव-7400
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4440
धनिया
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6400
मटर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3800
अलसी
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6700
मक्का
न्यूनतम भाव-2030
उच्चतम भाव-2030

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 24637 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सूचना देने वालों को नकद इनाम की घोषणा

**गंजबासौदा**। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना देहात में दर्ज दो प्रकरणो के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालों के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। देहात थाना में दर्ज दो प्रकरणों में फरार आरोपी विनोद जैन निवासी चार खंभा वाली गली वार्ड क्रमांक 7 बरेठ रोड बासौदा थाना गंजबासौदा शहर की सूचना देने वालों के लिए पांच हजार रूपए एवं फरार आरोपी सचिन पारदी निवासी ग्राम खजूरिया चक्क थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर की सूचना अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए तीन हजार रूपए इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### बार बार हुई बिजली गुल

**गंजबासौदा**। इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बार बार बिजली गुल हो रही है। गुरुवार को भी बार बार बिजली गुल हुई। जिससे उपभोक्ताओं को विद्युत आधारित कार्यों के लिए परेशान होना पड़ा। वहीं रात में भी पिछले कई दिनों से विद्युत कटौती हो रही है। ऐसे में लोग गर्मी एवं मच्छरों से परेशान होते रहते हैं।

### पानी की टंकी और अन्य व्यवस्थाओं का नपा अध्यक्ष ने लिया जायजा

# नौलखी स्थित नपा के वाटर वर्क्स पर लगेंगे चार सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने वाटर वर्क्स पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा की दृष्टि की को मद्देनजर रखते हुए वहां चार अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए जलप्रदाय शाखा के प्रभारी सुनील यादव को निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पार्षद नारायण सोनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। नगर में दोनों समय उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं सभी संसाधनों की मौजूदगी और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव इन दिनों निर्माण कार्य एवं नागरिकों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की उपलब्धि के लिए सतत निरीक्षण कर रही हैं। गुरुवार को उन्होंने नौलखी मंदिर स्थित वाटर वर्क्स और बेतवा के जल स्तर का बारीकी से अध्ययन किया। इसी तरह नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नगर में मौजूद पानी की टंकियों की सुरक्षा के लिए सुबह शाम कर्मचारियों की तैनाती को जांचने के निर्देश भी उपस्थित नपा के अधिकारी कर्मचारियों को दिए। इस मौके पर उन्होंने पानी में मिलने वाली फिटकरी और ब्लीचिंग की मात्रा और गुणवत्ता को भी बारीकी से देखा। उन्होंने बेतवा के जल स्तर को देखकर प्रसन्नता भी जाहिर की। नपाध्यक्ष ने बताया कि वाटर वर्क्स पर चार अतिरिक्त कैमरे लगाए जा रहे हैं ताकि पूरे परिसर की सतत मॉनिटरिंग और निगरानी की जा सके। पानी की टंकी पर 24 घंटे कर्मचारी की तैनाती भी की जा रही है। पुलिस को भी पत्र भेजकर रात के समय गस्ती के दौरान पानी की टंकियां की सुरक्षा पर निगरानी करने का अनुरोध किया जाएगा।

## इतिश वर्मा का राज्य स्तर प्रतियोगिता में चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बासौदा के कराते खिलाड़ी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। भोपाल में संभाग स्तरीय कराटे टूर्नामेंट 4 मई रविवार को आशा निकेतन स्कूल में आयोजित हुआ। जिसमे नगर कि दा फाइटिंग ऑफ़ मार्शल आर्ट अकादमी के इतिश वर्मा ने 31 किग्रा वजन में कुमिते में गोल्ड और कता में सिल्वर मेडल जीता और आरुषि राजपूत 30 किग्रा वजन में कता और कुमिते में सिल्वर मेडल जीता। अकादमी के संस्थापक कृष्ण गोपाल जोगी, अकादमी के कोच इशिका मैना ने बताया कि यह खिलाड़ी अब 16, 17 मई को इंदौर के बास्केटबॉल इनडोर स्टेडियम में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कराते खिलाड़ियों के चयन पर उनके माता-पिता, परिजनों ने शुभकामनाएं और बधाइयां दी हैं।

## आचार्य विद्या वैली हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हासे स्कूल का वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की खुशी व्यास ने कक्षा 12 जीव विज्ञान में 94.2% अर्जित कर जिले की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। साथ ही अनादि यादव, अनन्या जैन, उदिता अग्रवाल, सेजल दुबे, रितिका रघुवंशी, हर्ष रघुवंशी, तान्या शुक्ला, विशाखा रैकवार ने 90% से अधिक अंक अर्जित किए। त्रिशिला भार्गव, अनुश्री शर्मा, हर्ष मैथिल, परी जैन, आर्ची जैन, काव्यांजलि नेमा, आरती रघुवंशी, प्रियांश यादव, भूमि राजपूत, ध्रुव रघुवंशी, पर्व जैन आदि ने 85% से 89% के बीच अंक अर्जित किए। साथ ही कई विद्यार्थियों ने 80% तक अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहरा दिया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक मंडल के प्रणय जैन, पंकज, सतेन्द्र, अशोक ,पारूल, मानसी, सोनिका, गौरव ,सिद्धार्थ, शिवानी सहित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## जन्मदिन पर पशुओं के लिए रखी पानी की टंकी, लगाए सकोरे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंचतत्व समिति के वरिष्ठ सदस्य संदेश जैन और उनकी पत्नी सीमा जैन ने ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पशुओं के लिए एक पानी की टंकी आशीष पेट्रोल पंप के पास बरेठ रोड पर रखवाई है। यह टंकी पंचतत्व संरक्षण समिति के द्वारा उपलब्ध कराई गई है तथा प्यासे पक्षियों के लिए भी सकोरे लटकाए। इसके सहयोग के लिए संदेश जैन ने 1100 रुपए समिति को भेंट किए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा प्रतिवर्ष गर्मियों में पशुओं के लिए पानी की टंकियां और पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरे वितरित भी किए जाते हैं और नागरिकों के सहयोग से जगह जगह लगवाए भी जाते हैं। जिससे गर्मियों में लावारिस मवेशियों को शीतल और स्वच्छ जल मिलता रहता है। वहीं पक्षियों को भी दाना पानी उपलब्ध होता रहता है।

## रवींद्रनाथ टैगोर का जन्मदिन मनाया

**गंजबासौदा**। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में रवीन्द्र नाथ टैगोर एवं पांडुरंग वामन कांडे का जन्मदिवस एवं विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले ने रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें महान व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने कहा कि टैगोर एशिया के प्रथम ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 12 अप्रैल को महात्मा गांधी को महात्मा की उपाधि सर्वप्रथम उन्होंने ही दी थी। डॉक्टर कांडे का परिवार वैदिक संस्कृति और ज्ञान से समृद्ध था, डॉक्टर काड़े ने गांव के स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के साथ परिवार से वैदिक ज्ञान भी प्राप्त किया था। इस दौरान वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने विश्व एथलेटिक्स दिवस के महत्व को बताते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ अशोक रोहले, नरेंद्र जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कैलाश नेमा, अनिल नेमा, तरुण नामदेव सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## सिटी पुलिस ने सटोरियों पर की कार्रवाई, दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी शहर योगेंद्र सिंह परमार के नेतृत्व में सटोरियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा मराठा वाली गली शर्मा पार्किंग के पास दबिश दी गई जहां श्रीचंद रैकवार उम्र 52 वर्ष निवासी पूर्वी रेलवे कालोनी जालोरी गार्डन के पास को पकडा गया। वहीं न्यू बस स्टैंड पर पानी की टंकी प्याऊ के पास दबिश दी गई जहां से सुनील कुशवाहा उम्र 49 निवासी बेदनखेड़ी टपरिया को सट्टा अंक लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों के विरुद्ध सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। चार आरोपियों के पास से 1310 रूपए, सट्टा अंक लिखी पर्चियां, 1250 रूपए, एक पेन, तीन सट्टा अंक लिखी पर्चियां जब्त की गई।

## शास उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम में कक्षा 10 में कुल 161 में से 157 छात्र पास हुए जिनमें 122 प्रथम रहे। इस प्रकार कुल परिणाम 97.5/ रहा। कक्षा 12 में कुल 302 में से 287 पास हुए जिसमें गणित का 100 प्रतिशत, जीव विज्ञान का 100 प्रतिशत, कृषि का 100 प्रतिशत, कॉमर्स का 92 प्रतिशत,कला का 91 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कुल परिणाम 93.3 प्रतिशत रहा। जिसमें 247 छात्र प्रथम रहे। विद्यालय के छात्र ऋतिक लोधी एवं अनुज राजपूत ने कक्षा 12 में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह कक्षा 10 में अर्चना कुशवाह ने भी 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य एम सी शर्मा के कुशल निर्देशन में विद्यालय के सभी योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराए गए अध्यापन और छात्रों के परिश्रम का परिणाम रहा जो इस वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ। प्राचार्य एम सी शर्मा ने विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकाओं और विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपेक्षा की है कि आगे भी इसी तरह टीम भावना से कार्य करते हुए विद्यालय को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित रहेंगे।

## बाहरी व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच को लेकर दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा**। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि नगर में रह रहे बाहरी व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांचकर उचित कार्रवाई की जाऐ। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर के वार्ड नंबर 23 चूड़ी मोहल्ला में कई वर्षों से बाहरी नागरिक निवास कर रहे हैं। यह लोग सोना गलाने का काम करते हैं एवं खुद को पश्चिम बंगाल का नागरिक होना बताते हैं। पूर्व में इनके बांग्लादेशी होने के संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी हैं एवं मीडिया में भी इनकी संदिग्ध गतिविधियां होने एवं बांग्लादेश से संबंधित होने संबंधी खबरें प्रकाशित होती रही हैं, परंतु विधिवत जानकारी न होने से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पूर्व में भी वर्ष 2011 में एक बांग्लादेशी कालगर्ल को गंजबासौदा पुलिस ने पकड़ा था। यह युवती किसके संपर्क से बासौदा आयी थी, उसका उद्धेश्य क्या था यह अभी भी रहस्य ही है। उस समय भी मीडिया ने बांग्लादेशी अवैध घुरापैठियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। परंतु आज तक भी नगर के चूड़ी मोहल्ला में निवासरत बाहरी व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक नहीं हो सकी है। अगर ये व्यक्ति संदिग्ध है तो नगर एवं देश के लिए खतरा बन सकते हैं। पूर्व में 5-6 परिवार ही बाहर से आकर यहां काम करते थे परंतु आज बड़ी संख्या में यह लोग यहां आकर सोना गलाई का काम कर रहे हैं एवं एक ही क्षेत्र में मकान दुकान आदि बनाकर संपन्न हो रहें हैं। एक ओर इनके बढ़ते प्रभाव से स्थानीय सुनारों की अजीविका पर प्रभाव पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर इनके बांग्लादेशी होने के संदेह से आंतरिक सुरक्षा का भय बना हुआ है। दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर में रह रहे इन बाहरी व्यक्तियों का पुलिस वैरिफिकेशन कराया जाये, इनके राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की विधिवत जांच की जाये। जिससे इनकी सही पहचान हो सके। अगर इनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई जाये तो इन सभी पर उचित कार्रवाई की जाकर इन्हें नगर से बाहर किया जाये।

### सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

## नवांकुर और डॉल्फिन के छात्र, छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डाल्फिन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डाल्फिन विद्यालय के छात्र अक्षत रघुवंशी पुत्र नीलम रघुवंशी ने 489/500 अंक प्राप्त कर जिला प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के 13 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए जिनमें जाह्नवी शर्मा ने 96.8%,सक्षम जाटव ने 96.6%, निमिषा तिवारी ने 96.4%, अदिति लोधी ने 96.2%, कृतिका रघुवंशी ने 95.2%,यश रघुवंशी ने 94.6%,लावन्य डोंगरे ने 93%, ऋषभ लोधी ने 92.6%, जिया दिवाकर ने 92.2%, आदित्य जैन ने 92.2%, वैष्णवी यादव ने 90.2% एवं तनिषा रघुवंशी ने 90% अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की । विद्यालय में 88 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में व 14 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य संदीप जेटली सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उधर नवांकुर विद्यापीठ के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त हुये। मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय की जीव विज्ञान संकाय की छात्रा रिया पटवा पुत्री अनिल पटवा ने 500 में से 479 अंक 95.8% हासिल करके राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की गणित संकाय की छात्रा पलक रघुवंशी पुत्री देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने 500 में से 475 अंक 95% हासिल करके जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय के छात्र शिवांश गुप्ता और ज्योति राजपूत ने 500 में से 474 अंक 94.8% प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान तथा वाणिज्य संकाय की ही छात्रा खुशी दांगी ने 472 अंकों 94.4% के साथ चतुर्थ व कृषि विज्ञान संकाय की छात्रा कशिश रघुवंशी ने 470 अंक 94% हासिल कर विद्यालय में पंचम स्थान प्राप्त किया। मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के 166 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक, 129 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक, 82 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक और 40 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यालय के कुल 262 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 260 विद्यार्थी उच्चतम अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। 243 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 17 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किए गए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 99.02% रहा। हाई स्कूल विभाग में कुल 184 विद्यार्थियों में से 178 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए ,जिनमें 153 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 25 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। विद्यालय के छात्र हर्षित जैन और सत्यम शर्मा ने 500 में से 487 अंक 97.4% हासिल किये। इस अवसर पर विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त सभी छात्र छात्राओं को फूल मालाऐं पहनाईं गईं और मिष्ठान खिलाया गया तथा तालियाँ बजाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहोरी, अविनाश डोंगरे, संदीप रावत आदि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया है।

## बेतवा नदी की सफाई के लिए चलाया अभियान



गंजबासौदा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में बेतवा नदी को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्थानीय समुदाय का उत्साहपूर्ण योगदान देखने को मिल रहा है। आज गुरुवार को इस सामूहिक प्रयास का पांचवा दिन था, जिसमें दर्जनों पर्यावरण प्रेमियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। श्रमदान सत्र में मुख्य रूप से नदी के जल से कचरा निकाला गया और घाट की सफाई की गई व जल को संरक्षित करने की शपथ भी ली गई। स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर नदी के किनारों और जल में जमा प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया व घाट पर रंगोली बनाई गयी। बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा सका।

### दिवंगत सदस्य को दी श्रद्धांजलि

गंज बासौदा। गत दिवस रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी ने टीकमगढ़ पहुंचकर रक्षा समिति के सदस्य रहीस वंशकार की पुलिस के साथ ड्यूटी करते हुए मृत्यु होने पर श्रद्धांजलि दी साथ में एसडीओपी राहुल कटरे थाना प्रभारी कोतवाली पंकज शर्मा थाना प्रभारी बड़ागांव नरेन्द्र सिंह से भी मुलाकात की।

## बिजली, पानी को लेकर किसानों ने कर दिया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस बिजली और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम भिलायां के पास उदयपुर घटेरा रोड पर चक्का जाम किया। इस प्रदर्शन में भिलायां सहित आसपास के गांवों के लोग भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर खाली टंकी और बर्तन रख दिए। खुद भी सड़क पर बैठ गए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली नहीं मिल रही। इससे नल-जल योजना की टंकी खाली रहती है। पीने का पानी नहीं मिल रहा। हैंडपंप भी बंद पड़े हैं। गर्मी के कारण कुएं सूख गए हैं। जलस्तर गिरने से हैंडपंप से भी पानी नहीं निकल रहा। ऐसे में ग्रामीणों को बडी दूर खेतों से पानी लेकर आना पड रहा है। उधर कई किसानों ने खेतों में मूंग की फसल बोई है। लेकिन बिजली नहीं मिलने से उनकी सिंचाई नहीं हो पा रही। तेज गर्मी से फसल खराब होने का डर है। जिससे किसानों को भी परेशान होना पड रहा है।

म.प्र. शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजबासौदा
नर्सरी से कक्षा 12
इंग्लिश एवं हिन्दी माध्यम
PROPEL
Smart Classroom
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा 11 एवं 12 अंग्रेजी माध्यम
आर्ट्स, मैथ्स, सांइस
स्मार्ट लर्निंग से अपने बच्चे की असली क्षमता को उजागर करें।
सिरोंज रोड, पेट्रोल पंप के पास, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र)
Phone : 07594-220401 E-mail : smtratanbaijainschool@yahoo.in

### श्वेता आंनद त्यागी बोलीं: गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है

# एसडीएम ने की अपील: पशु-पक्षियों के लिए करें भोजन और पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पशु-पक्षी पर्यावरण के प्रमुख अंग हैं। पर्यावरण के चक्र में इनका मानव के समान ही महत्वपूर्ण स्थान है। दिनों दिन बडती गर्मी के कारण पक्षियों के लिए भोजन तथा पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। तो वही सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी ने सभी आमजनों से गर्मियों में पशु तथा पक्षियों के लिए पानी एवं भोजन देने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि घर की छतों तथा परिसरों में पक्षियों को पानी देने के लिए मिट्टी के पात्रों सकोरे में पानी रखें। इन्हें घर में बचा हुआ भोजन तथा मुठ्ठी भर अनाज के दाने भी चुगने के लिए डाल दें।

पशु-पक्षियों के लिए ग्रीष्म काल में जल तथा भोजन का दान सबसे बड़ा पुण्य है। आपके द्वारा थोड़े से पानी और दाने के सहयोग से कई पक्षियों को अपने जीवन की रक्षा के लिए जल तथा भोजन प्राप्त हो जाएगा। एसडीएम ने कहा कि पक्षियों की तरह निराश्रित पशुओं को भी यथा संभव उपयुक्त खाद्य पदार्थ बचा हुआ भोजन तथा पानी प्रदान करें। वातावरण में लगातार तापमान बढ़ने से अधिकांश जल स्त्रोत सूख जाते हैं। ऐसे में पशु, पक्षियों को पानी प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। गर्मियों में खेतों में प्रायः कोई फसल नहीं होती है। जिससे पक्षियों के लिए भोजन का संकट हो जाता है। इनके प्राणों की रक्षा के लिए आपके द्वारा किया गया सहयोग पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। कई पक्षी हमारी फसलों के घातक कीट खाकर फसलों की रक्षा करते हैं। पर्यावरण के चक्र में पेड़, पौधों जलीय-जीवों, वन्य जीवों के साथ-साथ पक्षियों का



भी महत्वपूर्ण स्थान है। पर्यावरण के संतुलन के लिए पर्याप्त संख्या में पक्षियों का जीवित रहना आवश्यक है। इसलिए पक्षियों के लिए जल एवं मुठ्ठी भर अनाज प्रतिदिन देकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

### गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है

गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन ने एक सकारात्मक पहल के तहत पक्षियो के लिए जल पात्र रखें जा रहें है। तो वही वरिष्ठ समाजसेविका श्वेता आंनद त्यागी ने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि अपने घरो व आसपास पेड-पौधो पर पक्षियो के लिए जल पात्र अवश्य लगाए। उन्होने ने कहा कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। क्षेत्र में गर्मी बढने लगी है। साथ ही तापमान बडने से आने वाले माह में अधिक गर्मी पडने की संभावना है। गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं।



### समाजसेवियों द्वारा रखे जा रहा जल पात्र

*एसडीएम हर्षल चौधरी की अपील के बाद गर्मी के प्रकोप को देखते हुए नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं व आम नागरिको द्वारा अपने घरो व आसपास सुरक्षित स्थानो पर पक्षियो के लिए जल पात्र रखें जा रहे है। तो वही पैरालीगल वालंटियर समाजसेवी छगन राजपूत ने अपने निवास स्थान पर पक्षियो के लिए जल पात्र लगाया।*

### ऑपरेशन सिंदूर ने रचा इतिहास

## यह ऑपरेशन आने वाली पीढ़ियों के लिए बनेगा प्रेरणा: सांसद जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि भारत के अद्भुत सैन्य कौशल और निर्णायक नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण बना ऑपरेशन सिंदूर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में चलाया गया यह अभियान न केवल भारतीय सेना के पराक्रम का प्रतीक बना, बल्कि पाकिस्तान और चीन जैसे देशों को स्पष्ट संदेश दे गया कि नया भारत अब केवल सहन नहीं करता, बल्कि करारा जवाब भी देना जानता है।

उन्होने इस ऐतिहासिक ऑपरेशन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के आत्मसम्मान और सामर्थ्य का विस्फोट था। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत की सेना, तकनीकी क्षमता और जनशक्ति मिलकर विश्व मंच पर दुश्मनों की नींद उड़ाने का सामर्थ्य रखती है। यह सफलता प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक दृढ़ता, अदम्य साहस और स्पष्ट राष्ट्रीय नीति का परिणाम है। आज भारत केवल अपनी सीमाओं की रक्षा ही नहीं कर रहा, बल्कि वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। सांसद नवीन जैन ने इस अभियान में भाग लेने वाले वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत अब निर्णायक क्षणों में चुप नहीं रहता, बल्कि इतिहास रच देता है। यह ऑपरेशन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। वहीं उन्होंने भारतवासियों से आह्वान किया आइए हम सब मिलकर वीर जवानों को सलाम करें और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त, सुरक्षित और गौरवशाली भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

## आज संदली चादर के साथ होगी तीन दिवसीय धामोनी वाले बाबा के उर्स की शुरुआत

**सागर**। सर्वधर्म, कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मो.इश्हाक वली शामी उर्फ बाबा बालजती शाह रह.अलैह धामोनी वाले बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स 9 मई शुक्रवार से 11 मई रविवार तक सम्पन्न होगा। दरगाह प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने बताया कि एसडीएम बण्डा एवं एसडीओपी बण्डा एवं तहसीलदार बण्डा ने उर्स की तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये तैयारियों को अंतिम रूप देते हुये उर्स आयोजन को प्रभावी रूप से सफलतम संपन्न कराने की बात कही। धामोनी वाले बाबा के सालाना उर्स की शुरुआत आज 09 मई शुक्रवार को वाद नमाज जुमा संदली चादर के साथ होगी तथा बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ होगी। 10 मई दिन शनिवार को कब्बाली प्रोग्राम के उद्घाटन उपरान्त हिंदुस्तान के मशहूर कब्बाल नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तथा 11 मई रविवार को रईस अनीश साबरी कब्बाल पार्टी और मीना नाज कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कव्वालियों का मुकाबला होगा। बाबा के उर्स में दूर दूर से श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर आते हैं। उर्स आयोजन को लेकर दरगाह प्रबंध कमेटी द्वारा उर्स की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसमें दरगाह सजावट व्यवस्था, बाजार व्यवस्था, स्टेज व्यवस्था, टेट-साउण्ड, डेकोरेशन व्यवस्था, देग- प्रसाद वितरण और साफ सफाई व्यवस्थाओं आदि को लेकर प्रभारी बनाए गए हैं।

## डॉ. प्रवीण बने रहली कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

**रहली**। रहली महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ प्रवीण श्रीवास्तव को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है।अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किए जा चुके है,जिसमें 2 मई से आगामी आदेश तक डॉ प्रवीण श्रीवास्तव को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया वरिष्ठता के आधार पर नियुक्त किया गया है। श्रीवास्तव वर्तमान में प्राप्त दायित्व के अलावा प्रभारी प्राचार्य का पद भी संभालेंगे।विदित हो कि 30 अप्रैल को प्रभारी प्राचार्य ऐ के जैन के सेवानिवृत होने के बाद श्रीवास्तव को प्रभार सौंपा गया है।

## बरौदिया कलां की बेटी शीतल की उपलब्धि प्रदेश की मेरिट सूची में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालथौन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौदिया कलां की प्रतिभाशाली छात्रा शीतल श्रीवास्तव ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हायर सेकेंड्री परीक्षा वर्ष 2025 के गणित संकाय में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में 10 वा स्थान हासिल कर अपने परिवार एवं विद्यालय नगर तथा जिले का मान बढ़ाया है । शीतल को 500 अंकों में से 482 अंक प्राप्त हुए है । प्रदेश की मेरिट सूची में दसवां स्थान हासिल कर शीतल ने न केवल अपने विद्यालय और परिवार का गौरव बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय शीतल ने अपने गुरुजनों, माता-पिता और परिवारजनों को दिया है, जिनके निरंतर प्रोत्साहन और मार्गदर्शन ने उन्हें यह मुकाम हासिल करने में मदद की। शीतल का मानना है कि सफलता के लिए बेसिक्स पर मजबूत पकड़ होना अत्यंत आवश्यक है और उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान इसी मंत्र को अपनाया। उन्होंने यह भी कहा कि जब लक्ष्य निर्धारित हो, तो राह अपने आप आसान होती चली जाती है।अपने भविष्य के सपनों के बारे में बताते हुए शीतल ने कहा कि वह आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती हैं और प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करना उनका लक्ष्य है। शीतल का यह संकल्प दर्शाता है कि वह न केवल एक मेधावी छात्रा हैं, बल्कि उनके मन में अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रबल इच्छा भी है।शीतल के पिता, सुधीर श्रीवास्तव, जो स्वयं एक शिक्षक हैं, अपनी बेटी की इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने हमेशा शीतल को प्रेरित किया और उसकी शिक्षा में हर संभव सहयोग दिया। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि शीतल आज इस शिखर पर पहुंची हैं।विद्यालय के शिक्षकों और साथी छात्रों में भी शीतल की इस सफलता से उत्साह का माहौल है। सभी ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शीतल श्रीवास्तव निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी, जो लगन और समर्पण से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का जज्बा रखते हैं।

## ग्रुप बी के लीग मुकाबले समाप्त हुए ग्रुप ए में अब भी टॉप 2 की जंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन में जारी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 अपने रोमांचक पड़ाव पर पहुँच चुका है। ग्रुप बी के सभी लीग मुकाबले पूरे हो चुके हैं, जबकि ग्रुप ए में अभी भी टॉप 2 की दौड़ जारी है। दोनों ग्रुप्स से टॉप-2 टीमें क्वालिफायर और एलिमिनेटर मुकाबलों में आमने-सामने होंगी।

ग्रुप बी सुपर किंग 27 बिछिया और कान्हा 11 नटेरन ने बाज़ी मारी। ग्रुप बी में कुल 7 टीमों ने भाग लिया और 13वें दिन के मुकाबलों के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई।

सुपर किंग 27 बिछिया ने अपने 6 में से 5 मैच जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं कान्हा 11 नटेरन ने 6 में से 4 मुकाबले जीतकर बेहतर रन रेट के चलते दूसरा स्थान हासिल किया है। 13वें दिन के मुकाबले में वंश 11 कोटीचार बनाम हर्षित 11 सेऊ के बीच मैच हुआ। सेऊ ने 8 ओवर में 47 रन बनाए। जिसे कोठीचार ने मात्र 4 ओवर में हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच अंशुल को दिया गया। सुपर किंग 27 बिछिया बनाम वंश 11 कोठीचार के बीच हुए मुकाबले



में राजकुमार जाट की शानदार 31(13) रनों की पारी और 3 विकेट की मदद से सुपर किंग 27 ने 91/6 का स्कोर खड़ा किया और कोठीचार को 48/8 पर रोक दिया। मैन ऑफ द मैच राजकुमार जाट को दिया गया।

वहीं लक्ष्य 11 कोलिंजा बनाम सुपर किंग 27 बिछिया के बीच हुए मुकाबले में राजकुमार जाट की लाजवाब बल्लेबाजी के दम पर सुपर किंग 27 ने 97/9 बनाए। लक्ष्य 11 ने अच्छी कोशिश की लेकिन 76/3 तक ही पहुंच सकी। सुपर किंग 27 ने 21 रनों से मुकाबला जीता।

### ग्रुप ए में अब भी खुली टॉप 2 की रेस

ग्रुप ए में टॉप 2 टीमों की दौड़ अब भी पूरी तरह खुली है। 7 और 8 मई को होने वाले अंतिम लीग मैचों के बाद स्थिति साफ होगी। वायसीसी नटेरन ,कोटरा 11 , अभिषेक 11, आमखेड़ा और गब्बर 11 नटेरन इन सभी टीमें अब तक के प्रदर्शन के आधार पर टॉप 2 की रेस में बनी हुई हैं। आगामी मुकाबले तय करेंगे कि कौन सी दो टीमें ग्रुप ए से क्वालिफाई करेंगी और ग्रुप बी की टॉप टीमों से भिड़ेंगी।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना

**विदिशा**। पशुपालक, किसानों से पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग ने आव्हान किया है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का लाभ उठाकर अपनी आमदनी में इजाफा करें। स्वयं का स्व-रोजगार स्थापित कर अन्य के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में संबल हो। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उपसंचालक डॉ एनके शुक्ला ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना अंतर्गत आवेदन कर्ता के पास 3.50 एकड़ कृषि भूमि होनी चाहिए। वर्तमान में दुग्ध संघों में पहले से ही दूध सप्लाई कर रहे पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। दुग्ध संघ प्रोड्युसर कंपनी के प्रचलित मिल्क रूट या नए मिल्क रूट पर आने वाले हितग्राहियों को प्राथमिकता मिलेगी। 25 दुधारू पशुओं की एक इकाई स्थापित की जाएगी।


## यूथ कैंप एक्सचेंज की वर्कशॉप आयोजित

**विदिशा**। लायंस इंटरनेशनल के अंतर्गत युवाओं को भारत एवं भारत के बाहर जोड़ने वाली गतिविधि जिसे यूथ कैंप एक्सचेंज कहा जाता है, इसकी वर्कशॉप आज विदिशा में ग्रैंड भेलसा होटल पर आयोजित हुई। इटली से आई युवा जो यहां पर लगभग एक सप्ताह से रुकी हुई है उसने यहां पर यहां की संस्कृति, यहां की शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। मप्र के अलावा अन्य राज्यों से भी यूथ उपस्थित हुए। जिनको फैकल्टी के तौर पर अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी लायन आनंद मेहता मुंबई एवं लायन समा जी सूरत द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

## मोहना खेजड़ा के सभी 16 छात्र उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शासकीय हाई स्कूल मोहना खेजड़ा में कक्षा दसवीं कक्षा के सभी 16 छात्र-छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। छात्रा कु. महक कुशवाहा ने 93% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। द्वितीय स्थान कु. खुशबू लोधी और तृतीय स्थान रागिनी सेन ने प्राप्त किया। गणित विषय में शिवोम ने 100 में से 96 अंक अर्जित कर विषय में सर्वोच्च प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य बृज श्रीवास्तव ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, पालकों के सहयोग और छात्रों की लगन का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही विद्यालय में इन सभी विद्यार्थियों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह उपलब्धि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।



## पास्को अधिनियम तहत नियुक्ति आवेदन 30 तक

**विदिशा**। लैगिंक अपराधों से बालको का संरक्षण (पास्को) अधिनियम की धारा के अंतर्गत सहायक व्यक्ति की नियुक्ति हेतु आवेदन 30 मई तक आमंत्रित किए गए है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चो को उनके मददगार बनकर बयान दर्ज करवाने से लेकर पैरवी में मदद करने, परामर्श उपलब्ध करवाने एवं सरकारी योजनाओं के तहत सहायता दिलवाने में मदद करने के लिए लैंगिक अपराधों से बालको को संरक्षण अधिनियम की धाराओं के प्रावधानो के तहत विदिशा जिले में सहायक व्यक्ति सपोर्ट पर्सन का इन्पैनलमेंट किया जाना है। इसके लिए आवेदन 30 मई तक आमंत्रित किए गए है।

सपोर्ट व्यक्ति के लिए निर्धारित पात्रताओं के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि सामाजिक कार्य, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त व्यक्ति अथवा बाल शिक्षा और विकास या सुरक्षा मुद्दों में न्यूनतम 03 वर्ष के अनुभव के साथ स्नातक । आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विदिशा कार्यालय में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक, कोरियर, स्पीड पोस्ट से अंतिम तिथि 30 मई तक प्रेषित कर सकते हैं। (विज्ञप्ति दिनांक से 15 दिवस तक) सहायक व्यक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वे ब सा इ ट www.mpwcdmis.gov.in के निर्देश मेन्यु में उपलब्ध है।

## एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई

**सागर**। शासन के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए 31 मई तक एमपीटास पोर्टल खोला गया है। इसके लिए सभी पात्र विद्यार्थी 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कराएं।

## छात्राओं ने किया कमाल: पीएमश्री विद्यालय में 189 छात्राएं 104 प्रथम श्रेणी में पास, 40 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में हुई उत्तीर्ण

**40 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में पास हुईं। इस बार परीक्षा परिणाम 76% रहा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद की छात्राओं ने हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय में कुल 189 छात्राएं अध्ययनरत थीं। इनमें से 144 छात्राएं पहले प्रयास में उत्तीर्ण हुईं। 104 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। 40 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में पास हुईं। इस बार परीक्षा परिणाम 76% रहा। पिछले वर्ष यह 55% था। इस तरह परिणाम में 21% की बढ़ोतरी हुई। हाई स्कूल परीक्षा 2025 में भी परिणाम बेहतर रहा। इस बार 61% छात्राएं पास हुईं। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 51% था। यानी 10% की वृद्धि दर्ज की गई। विद्यालय प्राचार्य संदेश किरार ने बताया कि मेरे 6 माह के कार्यकाल में परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए निदानात्मक कक्षाएं और स्मार्ट क्लास का उपयोग किया वहीं कमजोर छात्राओं को शाला में विषयवार पीरियड लगाकर उनको पढ़ाया गया जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी मेहनत की। कई विषयों के शिक्षक नहीं होने के बाद भी छात्राओं को पढ़ाया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने मदद की। शाला में शोभा यादव जीव विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान 433/500, नैंसी साहू गणित संकाय 446/500 गणित संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।भूमिका राजपूत गणित संकाय से 438/500 प्राप्त किए।नंदिनी राजपूत 455/500 अंक लेकर हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शासकीय कस्तूरबा गांधी हॉस्टल की दो छात्राओ ने राजकुमारी मीणा पुत्री अजय सिंह मीणा ने हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 456 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोहिनी बैरागी कला संकाय 463/500 विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हॉस्टल अधीक्षिका मधु तिवारी ने छात्राओ को बधाई दी।

## शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं का हाई और हायर सेकेंडरी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड परीक्षा परिणामों में शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

तलैया विद्यालय में कक्षा-10 की पूनम सेन ने 93.4% पलक पटेरिया 92.2%, रानी अहिरवार 91, आस्था गोस्वामी 90.8%,नंदनी यादव 90.8%, वहीं शिशु मंदिर अंदर किला की बहिन राधिका किरार ने 93.8%, हिमांशी शर्मा 89%, यश राजपूत 89% अंक प्राप्त किये हैं। इसी क्रम में तलैया विद्यालय के कक्षा-12 में पूर्वी भार्गव कला संकाय में 91प्रतिशत एवं रितिका दांगी वाणिज्य संकाय में 91प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

छात्र छात्राओं को उनके द्वारा अर्जित की गई अभूतपूर्व सफलता के लिए विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई प्रदान कर उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना प्रदान की गई। इस अवसर पर रामकृष्ण दास शिक्षण समिति के सचिव गजेंद्रपाल सिंह राजपूत, अंदर किला प्राचार्य दिनेश शर्मा, तलैया विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र खाकरे, प्रभारी रमेश राठौर, दीदी, आचार्य आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### पलक ने 500 में से 402 अंक प्राप्त किए

**कागपुर**। हायर सेकेंडरी स्कूल कागपुर से सुरई मुडरा की पलक



शर्मा पिता बृजेश शर्मा ने हायर सेकंडरी में गणिता संकाय में 500 में से 402 अंक प्राप्त किए हैं। जिससे उसकी परिणाम 80% रहा। इस सफलता पर उनके परिजनों और शुभचिंतकों ने पलक को बधाई दी है।

**खबर संक्षेप**



## हिमांषी राय ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**सिलवानी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल मप्र हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम 2025 घोषित किया गया। जिसमें पुष्पा विद्यालय की कक्षा 10 वीं के छात्रा हिमांशी राय पिता विजय कुमार राय गुड्डू ने 95.2 प्रतिशत प्राप्त कर सफलता हासिल की। हिमांशी की इस सफलता पर सहपाठियों, परिजनों, शिक्षकों आदि द्वारा बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। हिमांषी का सपना एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का हैं। ताकि वह महंगे उपचार से वंचित मरीजो का उपचार कर सके।

## ग्रीष्मकालीन शिविर-ज्ञान और मनोरंजन का संगम सांदीपनी विद्यालय

**बाड़ी।** 1 मई से 13 मई 2025 तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस 13 दिवसीय समर कैंप में ड्राइंग-पेंटिंग, योग, खेल, लोक कला व संगीत जैसी गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं। इन गतिविधियों का संचालन सुश्री आरजू चौहान (ड्राइंग-पेंटिंग), सुश्री प्रिया कावरे (योग), सुमित मांझी (खेल) एवं सलोनी आचार्य (संगीत व लोकगायन) द्वारा किया जा रहा है। कैंप के नोडल अधिकारी राधेलाल चौहान एवं शोभाराम रघुवंशी हैं। विद्यालय की प्राचार्य सुमन तिवारी का मानना है कि इस शिविर का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। शिविर में भाग लेकर बच्चे अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का अवसर पा रहे हैं। समापन समारोह 13 मई को उत्साहपूर्वक आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी सीखी गई प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह शिविर बच्चों के लिए सीखने और आनंद का सुनहरा अवसर बनकर सामने आया है।

### सामान्य दिनों में 30 बच्चे ग्राउंड पर आते थे, समर कैंप में 70 हुई संख्या

# छुट्टियों में टीवी-मोबाइल छोड़ मैदान पर पहुंचे बच्चे, खेलों की तरफ बढ़ा रुझान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



सिलवानी में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान खेल विभाग द्वारा आयोजित समर कैंप ने बच्चों को टीवी और मोबाइल की दुनिया से बाहर निकालकर मैदान में ला दिया है। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखना और खेलों के प्रति उनका रुझान बढ़ाना है। प्रशिक्षक कमलेष जाटव के अनुसार सामान्य दिनों में जहां करीब 30 बच्चे खेल ग्राउंड पर आते थे, समर कैंप के दौरान यह संख्या बढ़कर लगभग 70 हो गई है। हर वर्ष 10-15 बच्चे ऐसे होते हैं जो शिविर के बाद भी स्टेडियम में नियमित खेलना शुरू कर देते हैं और आगे स्कूल,यूनिवर्सिटी व संभाग स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हैं। इस शिविर का आयोजन 01 मई 31 तक किया जा रहा है। इसमें कबड्डी तथा वालीबॉल को शामिल किया गया है। समर कैंप का आयोजन महर्षि सांदीपणि विद्यालय के खेल मैदान पर किया जा रहा है।

प्रशिक्षक बच्चों को अनुशासन, तकनीक और टीम भावना के साथ खेलों में दक्ष बना रहे हैं।इस बीच खिलाड़ियों ने नगर में खेल स्टेडियम ना होने को लेकर चिंता जताई है। खिलाड़ी राकेश कुमार व इमरान खान ने कहा कि बिना मैदान के प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभर नहीं पा रहे। उन्होंने एक सर्वसुविधा युक्त खेल स्टेडियम,चेंजिंग रूम और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि क्षेत्र की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर चमक सकें। नगर में गर्मी की छुट्टियों के दौरान आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर ने बच्चों को खेलों की ओर आकर्षित किया है। प्रशिक्षक कमलेष जाटव, उवेष मंसूरी, योगेष कुलकर्णी के अनुसार सामान्य दिनों में जहां करीब 30 बच्चे ग्राउंड पर आते थे, वहीं समर कैंप में यह संख्या 70 के करीब पहुंच गई है। शिविर का उद्देश्य बच्चों को टीवी और मोबाइल से दूर रखकर खेलों में व्यस्त करना है। इससे बच्चों का शारीरिक विकास भी हो रहा है और उनमें खेलों के प्रति रुचि भी बढ़ रही है। हर साल 10.15 बच्चे ऐसे होते हैं जो स्थायी रूप से स्टेडियम से जुड़ जाते हैं और आगे चलकर स्कूलए यूनिवर्सिटी व संभाग स्तर पर खेलते है। शिविर का संचालन खेल विभाग द्वारा 01 मई से 31 मई तक किया जा रहा है। समर कैंप के खेलों में कबड्डी तथा बालीबॉल खेल को शामिल किया गया है।

### 2 पॉली में हो रहा संचालित

समर कैंप के दौरान सुबह व शाम की दो पॉली में खेलो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कबडडी व वॉलीबाल खेल का प्रषिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें पहुंच रहे नवोदित खिलाड़ी कड़ा श्रम कर पसीना बहा कर अपनी प्रतिभा को उभारने का कार्य कर रहे हैं। प्रषिक्षको के द्वारा समर कैंप में शामिल हो रहे खिलाड़ियो को खेलो के दाब पेंच बताए जा कर खेलो के अनेक टिप्स दिए जा रहे है।

# 'वीरता, नेतृत्व व नए भारत की एक गर्जना'

### नप अध्यक्ष ने एयर स्ट्राइक पर दी प्रतक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने भारतीय सेना द्वारा पहलगाम हमले को लेकर पाक पोषित आंतकवादियों के अडडो पर चलाए गए आपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस साहस और सटीकता से पाकिस्तान में छिपे आतंक के ठिकानों पर प्रहार किया है वह हर देशवासी के मन में गर्व और आत्मविश्वास बढ़ाता है। ये सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि हमारे वीर जवानों के अदम्य संकल्प और नए भारत की चेतावनी है अब आतंक के ज़हरीले फन कुचले जाएंगे चाहे वो कहीं भी हों। उन्होने कहा कि कश्मीर की घाटियों में ज़हर घोलने वाले आतंकवादी आज अपने ही बिलों में छिपकर कांप रहे हैं। भारतीय सेना ने अनेको आतंकी अड्डों को निशाना बनाकर ये साबित कर दिया है कि अब भारत सिर्फ सहन नहीं करेगा बल्कि घुसकर जवाब देगा। पाकिस्तान को अब समझ आ जाना चाहिए कि ये वही पुराना भारत नहीं रहा। यह नया भारत है जो ना केवल जवाब देता है बल्कि दुश्मन की नींव तक हिला देता है। पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकी हमले ने हर भारतवासी के दिल में ज्वाला जलाई थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई उस पीड़ा पर मरहम बनकर आई है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है अपने प्रधानमंत्री परजिनकी मज़बूत नीति ने सेना को खुली छूट दी। और हमें गर्व है उन वीर जवानों पर जो राष्ट्र की सुरक्षा के लिए तत्पर हैं।

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने श्रमदान कर की बावड़ी की सफाई

# ग्राम सांचेत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल चौपाल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया श्रमदान**

ग्राम सांचेत में जल चौपाल के पहले सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, सांची जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते, संभागायुक्त संजीव सिंह, कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, राकेश शर्मा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान कर प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई की गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायसेन जिले के सांची जनपद के ग्राम सांचेत में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, सांची जनपद अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह, कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया सम्मिलित हुए। जल चौपाल में भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि बारिश के अधिक से अधिक पानी को संग्रहित करने के लिए शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें तालाब, बावड़ी, कुएं सहित अन्य जल संरचनाओं की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। यहां ग्राम में स्थित प्राचीन बावड़ी, कुएं आदि जल संरचनाओं की साफ-सफाई और संरक्षण से इनमें बारिश का अधिक से अधिक पानी संग्रहित हो सकेगा। ग्रामीणजन यह संकल्प लें कि बारिश की हर बूंद को सहेजने के लिए प्रयास करेंगे।

सांची विधायक डॉ चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि पानी की एक-एक बूंद का महत्व है। वर्तमान में जल संरक्षण बेहद जरूरी है और इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया है। जिसमें नदी, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि की साफ-सफाई की जा रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंक के अड्डों पर भारतीय सेना का निर्णायक प्रहार है

**बरेली।** मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस साहस और सटीकता से पाकिस्तान में छिपे आतंक के ठिकानों पर प्रहार किया है, वह हर देशवासी के मन में गर्व और आत्मविश्वास बढ़ाता है। ये सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि हमारे वीर जवानों के अदम्य संकल्प और नए भारत की चेतावनी है, अब आतंक के ज़हरीले फन कुचले जाएंगे, चाहे वो कहीं भी हों। कश्मीर की घाटियों में ज़हर घोलने वाले आतंकवादी आज अपने ही बिलों में छिपकर कांप रहे हैं। भारतीय सेना ने 9 आतंकी अड्डों को निशाना बनाकर ये साबित कर दिया है कि अब भारत सिर्फ सहन नहीं करेगा, बल्कि घुसकर जवाब देगा।

## कार्यालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी रायसेन जिला रायसेन म.प्र.

क्रमांक / 361/ कॉलोनी / 2025 रायसेन दिनांक 02/05/2025

**सार्वजनिक सूचना**

**( म.प्र. नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के भाग 3 अनधिकृत कॉलोनियों से संबंधित उपबंध नियम 23(6) एवं 23(7) के अंतर्गत ) अभिन्यास का अंतिम प्रकाशन**

नगर पालिका परिषद रायसेन की सीमा क्षेत्र की प्रथम चरण में दिनांक 31.12.2016 के पूर्व अस्तित्व में आई चिन्हित 55 अनधिकृत कॉलोनियों में से 51 कॉलोनियों के अभिन्यास को अंतिम रूप दिया जाकर नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने हेतु नियमों के अधीन इन अनधिकृत कॉलोनियों में विकास शुल्क का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है।

| क्र. | वार्ड क्रमांक | अनाधिकृत कालोनी का ना/रानि | भू-स्वामी का नाम व पूरापता | अनधिकृत कालोनी की भूमि का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सर्वे क्रं. | क्षेत्रफल (हे.) | निर्धारित विकास शुल्क प्रति वर्गफिट (भूखण्ड के क्षेत्रफल का ) रू. में | निर्धारित विकास शुल्क प्रति वर्गफिट (भूखण्ड के क्षेत्रफल का ) रू. में |
| 1 | 4 | नवाबपुर रायसेन | श्री बाबूलाल आ.श्री बारेलाल | 31/1/1/2 | 2.07 | 62.64 | 674.02 |
| 2 | 4 | साई विहार कॉलोनी | श्री के.जी. मेन्यूवल आ. के.टी. जोसफ | 324 | 0.86 | 73.16 | 787.19 |
| 3 | 4 | शरीफ कालोनी | मो. शरीफ आ. काले खां | 326 | 2.39 | 48.60 | 522.95 |
| 4 | 11,12 | यशवंत नगर कालोनी | श्री लोकनाथ सिंह आ.जगबहादुर सिंह | 654/1/1/2 | 6.79 | 16.80 | 180.72 |
| 5 | 4 | कलेक्ट्रेट कालोनी | श्री रघुनंदन दास आ.श्री किशन लाल | 329/1/2/3 | 2.00 | 15.22 | 163.79 |
| 6 | 4 | कलेक्ट्रेट कालोनी | श्री महाराज सिंह आ. श्री हुकुम सिंह | 329/1/2/1 | 1.71 | | |
| 7 | 4 | कलेक्ट्रेट कालोनी / महुपथरई रोड | श्री संजय यादव आ. श्री कालूराम यादव | 329/1/2 | 3.01 | | |
| 8 | 4 | कलेक्ट्रेट कालोनी | श्रीमति सुधा अग्रवाल पत्नि श्री मनमोहन अग्रवाल | 475 | 0.87 | | |
| 9 | 4 | व्ही.आई.पी. कालोनी | श्री राजकिशोर सोनी आ. श्री कमल किशोर सोनी | 5/4/1,5/2,5/8,5/9,5/10,6/2/1/2,6/2,6/3 | 1.051 | 77.53 | 834.19 |
| 10 | 4 | व्ही.आई.पी. कालोनी | लियाकत अली आ. एजाज अली | 6/1/2/1/2 | 0.332 | | |
| 11 | 4 | व्ही.आई.पी. कालोनी | स. जावेद अहमद आ. इरफान अहमद | 6/1/1/2 | 0.024 | | |
| 12 | 11 | पाटदनेव रायसेन | श्री पूरन आ. गनेशराम | 120,121 | 5.259 | 13.30 | 143.14 |
| 13 | 14 | वार्ड क्र. 14 नगर रायसेन | श्री पूरन आ. श्री गनेश | 120 | | | |
| 14 | 14 | पाटदनेव रायसेन | श्री मुंशीलाल आ. श्री गनेशराम | 223/1 | | | |
| 15 | 14 | राहुल नगर वार्ड क्र. 14 रायसेन | श्रीमति नर्वदी वाई पत्नि श्री वंशीलाल एवं अन्य | 119/1,119/2/1,119/2/2 | | | |
| 16 | 13 | पाटदनेव रायसेन | श्री मोहनदास ललवानी आ. श्री रूपचंद ललवानी | 106/1/2 | 2.85 | 11.57 | 124.52 |
| 17 | 11 | हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के पास रायसेन | श्री श्याम लाल आ. काशीराम नि. रायसेन | 683/1 | 2.13 | 36.13 | 388.77 |
| 18 | 9 | वार्ड क्र. 09 सुभाष नगर कालोनी | श्री नारायण सिंह आ. श्री मोतीलाल | 389/1/3 | 3.319 | 16.91 | 181.94 |
| 19 | 9 | रायसेन तालाब मोहल्ला | श्री कृष्ण मोहन आ. श्री राजमल एवं अन्य | 434/1,434/2 | | | |
| 20 | 9 | रायसेन तालाब मोहल्ला | श्री प्रेमसिंह आ. श्री हरप्रसाद एवं अन्य | 417,438/1/1 | | | |
| 21 | 13 | रायल सिटी कॉलोनी रायसेन | श्री जगदीश राठौर आ. श्री नंदकिशोर राठौर / श्री रितुराज आ. श्रीजगमोहन एवं अन्य | 50/1/1/2, 50/1/2/1, 50/1/2/2, 50/1/1/1,50/2,53/1, 53/2/1/1/1, 53/2/1/1/2, 53/2/1/3, 53/2/1/4, 53/2/2, 53/2/3/1 53/2/3/2, 53/2/4 | 3.105 | 74.11 | 797.41 |
| 22 | 11 | पटेल नगर रायसेन | श्री तुलाराम आ. जय किशन नि.रायसेन | 362/2/2 | 9.5 | 21.22 | 228.29 |
| 23 | 17 | पटेल नगर रायसेन | श्री हर प्रसाद आ. जय किशन नि. रायसेन | 362/1/1 | | | |
| 24 | 11 | पटेल नगर रायसेन | श्री भगवान दास आ. मुरली धर अग्रवाल | 362/1/1 | | | |
| 25 | 11 | पटेल नगर रायसेन | जगन्नाथ आ. श्री जय किशन नि. रासयेन | 362/1/3 | | | |
| 26 | 11 | पटेल नगर रायसेन | श्री मान सिंह आ. जगन्नाथ नि. रायसेन | 362/1/4 | | | |
| 27 | 15 | अर्जुन नगर रायसेन | श्री जमुना प्रसाद आ. श्री छोटेराम राठौर | 207/1/1/1, 218/2/3 | 19.96 | 11.87 | 127.72 |
| 28 | 15 | अर्जुन नगर रायसेन | श्री सुरेश चंद आ. बाबूलाल | 207/1/3,34/1/1 | | | |
| 29 | 15 | अर्जुन नगर रायसेन | श्री कल्याण आ. गंगाराम | 218/2/1,218/2/2 | | | |
| 30 | 14 | अर्जुन नगर रायसेन | श्री वंशीलाल आ. श्री रामचंद | 219 | | | |
| 31 | 15 | अर्जुन नगर रायसेन | श्री अशोक कुमार आ. अर्जुन दास | 218/1/1 | | | |
| 32 | 13 | ताजपुर रोड पाटनदेव रायसेन | श्री महाराज सिंह आ. श्री हुकम सिंह | 33/2 | 38.158 | 12.53 | 134.78 |
| 33 | 13 | अशोक नगर रायसेन | श्री रामस्वरूप शर्मा आ. परसराम शर्मा | 8/1/1/3/1 | | | |
| 34 | 12 | पटेल नगर रायसेन | श्री लालसिंह आ.श्री सुजान सिंह | 1/2 | | | |
| 35 | 13 | पटेल नगर रायसेन | श्री नन्नूलाल आ. गोकल दास | 33/1 | | | |
| 36 | 13 | पाटदनेव रायसेन | श्री जावेद हुसैन आ. गजहर हुसैन | 119/2/1 | | | |
| 37 | 13 | अशोक नगर रायसेन | श्री सेवकराम शर्मा आध परसराम शर्मा | 8/1/1/1/1 | | | |
| 38 | 13 | ग्राम ताजपुर सहसील रायसेन | श्रीमति माया देवी पत्नि श्री के.एल. वर्मा | 101/1/2 | | | |
| 39 | 13 | अशोक नगर रायसेन | गुलफाम आ. गुलशेर खों | 101/1/1,101/1/3 | | | |
| 40 | 12 | मुखर्जी नगर रायसेन | श्री सनमान सिंह आ. गंगाराम | 1/1,2/1 | | | |
| 41 | 13 | अशोक नगर वार्ड क्रं. 13 रायसेन | श्रीमति नूरजहां पत्नि श्री गुलफाम एवं अन्य | 101/1/4/01/1/1/3 | | | |
| 42 | 13 | ताजपुर रोड वार्ड नं. 13 | श्री सुरेश कुमार आ. श्री बाबूराम अग्रवाल एवं अन्य | 52/1/1, 52/1/2/1, 52/1/2/2 | | | |
| 43 | 13 | अवंतिका कॉलोनी के पास 13 | श्रीमति माया देवी पत्नि श्री के. एल. वर्मा | 101/1/2 | | | |
| 44 | 13 | अशोक नगर वार्ड क्र. 13 रायसेन | श्री दिलीप कुमार पंजवानी आ. श्री मनोहर लाल पंजवानी, एवं अन्य | 100/3/1, 100/3/2 | | | |
| 45 | 13 | ताजपुर रोड पाटनदेव रायसेन | श्री गजराज सिंह आ. भंमर सिंह | 106/1/1/1/1 | | | |
| 46 | 12 | वार्ड क्र. 12 पाटकर कॉलोनी रायसेन | श्री सनमान सिहं आ. श्री गंगाराम एवं अन्य | 2/1 | | | |
| 47 | 11 | पटेल नगर रायसेन | श्री कन्हैया लाल आ. श्री मुरलीधर, हरी सिंह आ. श्री खुमान सिंह नि. मेहगांव जिला रायसेन | 360/4/1 | 8.97 | 15.87 | 170.76 |
| 48 | 11 | पटेल नगर रायसेन | श्री सुरेश चन्द आ. श्री बाबूलाल अग्रवाल नि. रायसेन | 360/3/1 | | | |
| 49 | 11 | पटेल नगर रायसेन | श्री ओमप्रकाश आ. महेशचंद | 360/2 | | | |
| 50 | 12 | पटेल नगर रायसेन | श्री रमेश चंद आ. रामप्रसाद कुशवाह | 360/1/2 | | | |
| 51 | 4 | गोपालपुर वार्ड क्र. 04 रायसेन | बिहारीलाल आ. परमलाल | 17,18/1/2/1 | 1.3154 | 81.90 | 881.29 |

**कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी
जिला रायसेन म.प्र.**

### जर्जर अवस्था में हो चुका है भवन, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# दीवानगंज सोसायटी की दीवार भरभरा कर गिरी, बड़ा हादसा होने से टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सहकारी क्रय विक्रय समिति दीवानगंज भवन की एक दीवार भर भरा कर गिर गई। वहां तो गनी मत रही कि उस समय कोई दीवार के पास नहीं खड़ा था नहीं तो बड़ी अनहोनी हो जाती।

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से दीवानगंज कस्बा में संचालित सहकारी क्रय विक्रय समिति भवन की मरम्मत लंबे अरसे से न कराए जाने से यह भवन गिरने की कगार पर है। इससे कभी भी किसी अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जर्जर भवन में ही कर्मचारी बैठकर काम करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराकर सौंदर्यीकरण की मांग की है। ब्लाक क्षेत्र के किसानों को समय पर खाद बीज इत्यादि उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने करीब चार दशक पूर्व दीवानगंज कस्बे में सहकारी क्रय विक्रय समिति भवन का निर्माण कराया था। इसके संचालन से क्षेत्रीय किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। क्षेत्रीय किसानों को समय-समय पर खाद बीज मिलने की सुविधा मिली थी। धीरे-धीरे सहकारी समिति द्वारा क्रेडिट पर खाद बीज देने में बरती जा रही लापरवाही के चलते किसानों का कुछ आना-जाना कम हो गया और किसान प्राइवेट दुकानों से खाद बीज खरीदने लगे। इससे कस्बे में बना सहकारी क्रय विक्रय समिति देखरेख व मरम्मत के अभाव में दिन पर दिन जर्जर होती जा रही है। भवन की दीवार में जगह-जगह दरारें नजर आ रही हैं। प्लास्टर टूट कर गिर रहा हैं। मौसम-बेमौसम हल्की सी बारिश होने पर भी छत से पानी टपकने लगता है। किसान राकेश कुशवाह, सुरेश साहू, दिनेश साहू, मुकेश साहू,राजाराम कुशवाहा, अशोक साहू, ओंकार सिंह मीणा, कमल मीणा ने बताया कि क्रय विक्रय समिति से लोगों को सुविधाएं मिल रही हैं, लेकिन हादसे का खतरा बरकरार है। लोगों ने मांग की है कि जर्जर भवन का जल्द से जल्द जीर्णोद्धार कराया जाए।

### आवेदन दिया था

दीवानगंज सहकारी समिति के बाहर की दीवारों में दरारें पड़ गईं है। कर्मचारी अंदर बैठने से डरते है। भवन बदहाल हो जाने की वजह से यहां पर कोई कर्मचारी बैठने में डरता है। कई वर्ष से पहले इस भवन का निर्माण कराया गया था।

**गिरजेश नायक,** दीवानगंज सरपंच

उच्चाधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है। मगर अभी तक समस्या का हल नहीं निकला है हमने नए भवन के लिए उच्च अधिकारियों को कुछ महीने पहले आवेदन दिया था।

**देवेंद्र मीणा** समिति प्रबंधक दीवानगंज

### अध्यात्म की गंगा में गोते लगा रहे श्रद्धालु

# सोजनी धाम में आयोजित हो रहा श्रीराम यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



सिद्व स्थान सोजनीधाम में 5 मई से आयोजित किए जा रहे श्रीराम यज्ञ के चतुर्थ दिवस गुरुवार को श्रद्वालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्वालुओं ने श्रद्वा, भक्ति व आस्था के साथ यज्ञ शाला की परिक्रमा करते की तथा अध्यात्म की गंगा में गोते लगाए। यहां पर मुख्य यजमान संतोष रघुवंषी के द्वारा परिवार जनो के साथ धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किए जा रहे हैं। अनुष्ठान के दौरान यज्ञाचार्य पंडित महेंद्र भार्गव तथा यज्ञ ब्रम्हा पंडित गोपालमणि रिंकू भार्गव ने बताया कि मनुष्य जीवन में इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों में अवष्य ही सहभागिता करनी चाहिए। ऐसा करने से जीवन एक नई ऊर्जा जागृत होती है और यज्ञ में सम्मिलित होने से मनुष्य का अज्ञान रूपी अंधकार नष्ट हो जाता है यज्ञ का तात्पर्य है त्याग, जप, तप और समर्पण जिससे समस्त जन का कल्याण होता है। उन्होने कहा कि जिस भूमि पर हवन होता है वह भूमि तीर्थ बन जाती है। यज्ञ पर्यावरण एवं वातावरण को शुद्ध बनाता है यज्ञ वस्तुओं को पावरफुल बनाता है। यज्ञ से वृक्ष वनस्पति का पोषण होता है। यज्ञ वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है, रोगनाशक कीटाणुओं को नष्ट करता है और शरीर को स्वस्थ बनाता है। जिस भूमि पर प्रतिदिन हवन होता है वह भूमि तीर्थ बन जाती है। यज्ञ प्रभाव एवं फैलाव को बढ़ाता है जैसे अग्नि पर पकाए जाने वाले हलुआ की खुशबू का फैलाव होता है। व्यक्ति और समष्टि को ठीक करने में यज्ञ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहां पर अनेको पीतधारी नर नारियों द्वारा राष्ट्र व विश्व के कल्याणार्थ यज्ञ नारायण भगवान को आहुतियां दी गई।